
धरना देते हुए रोडवेज कर्मचारी।

# हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### पैट्रों पदार्थों की बढ़ी हुई कीमतों को वापस लेने की मांग

**संवाददाता** देहरादून। पेट्रोल, डीजल एवं रसोई गैस की बढ़ती कीमतों को लेकर महानगर कांग्रेस अध्यक्ष लालचन्द शर्मा के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी देहरादून के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपते हुए बढ़ी हुई कीमतों को वापस लेने की मांग की। आज जिलाधिकारी कार्यालय में महानगर कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा पेट्रोल, डीजल एवं रसोई गैस की बढती कीमतों को लेकर धरना–प्रदर्शन किया गया। जिलाधिकारी के प्रतिनिधि के रूप में उपजिलाधिकारी दून द्वारा ज्ञापन लिया गया।

### विद्युत विभाग के अधिकारियों को समस्याओं के निदान के निर्देश

**संवाददाता** देहरादून। मसूरी विधायक गणेश जोशी ने अपने आवास पर विद्युत विभाग के अधिकारियों संग बैठक कर समस्याओं के त्वरित निदान के निर्देश दिये। बैठक में तय हुआ कि गढ़ी कैंट क्षेत्र में अतिशीघ्र 21 किमी बंच केबलिंग का कार्य करवाया जाएगा। सुवाखोली में बिजलीघर के निर्माण के लिए भूमि आवंटन हेतु शासन से वार्ता की जाऐगी, जिसके बाद विभाग द्वारा तत्काल कार्य प्रारम्भ किया जाऐगा। क्षेत्र में सड़े–गले खम्बों को तत्काल बदलने के लिए पार्षदों के साथ समन्वय बनाकर एसडीओ कार्य करेंगे।

### मोर्चा भ्रष्ट अधिकारियों को किसी सूरत में नहीं बख्शेगा

**संवाददाता** विकासनगर। जन संघर्ष मोर्चा के जिला मीडिया प्रभारी प्रवीण शर्मा पिन्नी ने कहा कि नवंबर 2019 में मोर्चा अध्यक्ष रघुनाथ सिंह नेगी के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य सचिव उत्पल कुमार सिंह से मुलाकात कर पालिका विकासनगर में हुए टेंडर घोटाले की पुनः जांच की मांग को लेकर 20 नवम्बर 19 को ज्ञापन सौंपा था, जिसमें मुख्य सचिव ने गंभीरता दिखाते हुए सचिव, शहरी विकास को मामले की जांच करने के निर्देश दिए थे तथा शासन के निर्देशों के क्रम में निदेशक, शहरी विकास ने जिलाधिकारी को जांच अधिकारी बदल कर किसी अन्य सक्षम अधिकारी से जांच कराने के निर्देश दिए है।

### भाजयुमो के तत्वावधान में युवा जन संवाद रैली का आयोजन

**संवाददाता** देहरादून। भारतीय जनता युवा मोर्चा के तत्वावधान में युवा जन संवाद रैली का आयोजन बिंदाल पुल स्थित ओमकार प्लाजा में किया गया। इस अवसर पर भारतीय जनता युवा मोर्चा के महानगर उपाध्यक्ष राजकुमार तिवारी का नेतृत्व रहा। उन्होंने सभी युवाओं को उत्तराखंड में होने वाले 2022 के चुनाव के लिए तैयार होने के लिए कहा।

# उत्तराखण्ड जैविक कृषि के क्षेत्र में अग्रणी राज्यों में शामिल

**बैठक**

■भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद की 26 वीं बैठक

■कृषि के क्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य हुए हैः केन्द्रीय मंत्री

**संवाददाता**

देहरादून। केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद की 26 वीं बैठक में उत्तराखण्ड के उद्यान, कृषि एवं रेशम विकास विभाग मंत्री सुबोध उनियाल ने प्रतिभाग किया।

केन्द्रीय मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में कृषि के क्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य हुए हैं, परन्तु अभी भी बहुत कुछ किए जाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि औषधीय खेती एवं जैविक खेती को बढ़ावा दिए जाने की आवश्यकता है। कृषि उत्पादों का निर्यात भारत सरकार की प्राथमिकताओं में है। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि उत्पादकता बढ़ाने के साथ ही उत्पादों के लिए बाजार उपलब्ध कराने हेतु प्रयास किए जाने चाहिए। उन्होंने कहा कि नई नई फसलों को विकसित किए जाने की आवश्यकता है। इससे उत्पादकता बढ़ेगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि किसानों को इंश्योरेंस के प्रति जागरूक किया जाना चाहिए। छोटे छोटे किसानों को ध्यान में रखते हुए योजनाओं को तैयार किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि राज्यों में सिंचाई के दायरे को बढ़ाने के प्रयास किए जाएं। नए अध्यादेशों एवं फसल बीमा योजना का लाभ अधिक से अधिक किसानों को पहुंचे इसके प्रयास किए जाएं, ताकि हमारे किसान आत्मनिर्भर भारत बनाने में अपना योगदान दें सकें।



उत्तराखण्ड के कृषि मंत्री सुबोध उनियाल ने कहा कि राज्य में कृषि महिला आधारित है, इसलिए भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद द्वारा वुमन फ्रेंडली खेती की ओर ध्यान दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड जैविक कृषि के क्षेत्र में अग्रणी राज्यों में शामिल है। उन्होंने राज्य के उत्पादों जैसे रेड राईस, राजमा, मंडुवा आदि की उन्नत किस्मों पर भी अनुसंधान किए जाने की आवश्यकता बताई।

कृषि मंत्री ने पर्वतीय क्षेत्रों के लिए अच्छी गुणवत्ता वाले बीजों के साथ ही कम पानी में अधिक उत्पादन देने वाले बीजों पर भी रिसर्च किए जाने की आवश्यकता पर बल दिया। राज्य में नींबू वर्गीय फलों हेतु कल्मी पौध रोपण के लिए आईसीएआर एवं उद्यान विभाग उत्तराखण्ड द्वारा नींबू वर्गीय फलों के नेटवर्क परियोजना को लागू किए जाने की मांग की। उन्होंने राज्य में आलू उत्पादन की अपार सम्भावनाओं के दृष्टिगत केन्द्रीय आलू अनुसंधान संस्थान, शिमला हिमाचल प्रदेश की तर्ज पर उत्तराखण्ड राज्य में भी क्षेत्रीय अनुसंधान केन्द्र स्थापित करने की भी मांग की।

इस अवसर पर सचिव आर. मीनाक्षी सुन्दरम एवं अन्य विभागीय वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

### सार्वजनिक और निजी भूमि पर अवैध कब्जों पर लगाये लगाम

देहरादून। ''सार्वजनिक और निजी भूमि पर अवैध कब्जों पर लगाम लगायें'' यह निर्देश जिलाधिकारी डॉ आशीष कुमार श्रीवास्तव ने सभी क्षेत्रों के उप जिलाधिकारियों तथा सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों को दिये। बंजारावाला कारगी रोड़ में जमीन पर अनाधिकृत हक जताने, हरिद्वार बाईपास रोड ब्राहम्णवाला में राष्ट्रीय राजमार्ग की भूमि पर अतिक्रमण कर अवैध ट्यूबैल नलकूप निर्माण हटाने, दून विहार जाखन में सरकारी पार्क पर अवैध निर्माण कार्य पर रोक लगाने, रानीपोखरी निवासी द्वारा अनाधिकृत रूप से जमीन का विक्रय करने, माण्डूवाला परगना पछवादून तहसील विकासनगर में ग्राम समाज व रिजर्व फारेस्ट भूमि पर अवैध कब्जा करने से सम्बन्धित भूमि विवाद और अवैध कब्जो से सम्बन्धित अधिकतम प्रकरण जनसुनवाई में प्राप्त हुए। जिस पर जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को दूरभाष पर वार्ता करते हुए समयसीमा के भीतर अवैध कब्जे हटवाने तथा सम्बन्धित प्रकरणों पर उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिये। राजीव नगर क्षेत्र में लोगों द्वारा जिलाधिकारी के समक्ष अपनी बात रखी कि राजीवनगर धर्मपुर में किन्नरों द्वारा आये दिन बधाई संन्देश के बहाने बलपूर्वक और मनमाने ढंग से धनराशि वसूली की जाती है, जिससे लोगों का जीना हराम कर हो रखा है। इस तरह जनसुनवाई में कुल 25 पंजीकरण के सापेक्ष 19 फरियादी उपस्थित हुए जिन्होंने अपने–अपने शिकायती पत्र जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किये।

# रिकवरी दर दे रही लगातार अच्छा संकेत

**कोरोना अपडेट**

■ऊधमसिंह नगर में मिले 25 और कोरोना संक्रमित केस

देहरादून। **संवाददाता**

प्रदेश में जहां चौदह नए मामले आए, तो तकरीबन छह गुणा से अधिक 93 मरीज स्वस्थ होकर अस्पतालों से डिस्चार्ज हो गए। कई दिन बाद इतनी कम संख्या में पॉजिटिव केस मिलने पर सिस्टम ने भी राहत महसूस की है। उस पर रिकवरी दर भी लगातार अच्छा संकेत दे रही है। सोमवार को स्वस्थ हुए मरीजों का प्रतिशत 74.40 पहुंच गया। प्रदेश में अभी तक कोरोना के 2837 मामले आए हैं। जिनमें अब तक 2111 स्वस्थ्य होकर डिस्चार्ज हो चुके हैं। वहीं, मंगलवार को दो बजे तक ऊधम सिंह नगर में 25 और कोरोना संक्रमित केस मिले हैं। इसमें एक आठ साल की बच्ची भी संक्रमित है। सभी का स्वास्थ्य विभाग ट्रेवल हिस्ट्री खंगाल रहा है। चंपावत में टनकपुर में एक और कोरोना संक्रमित व्यक्ति मिला है। जनपद में संक्रमितों की संख्या अब 55 हो गई है, जबकि 47 लोगों के स्वस्थ होने के बाद अब 7 एक्टिव केस बचे हैं।

फिलवक्त, राज्य के विभिन्न अस्पतालों व कोविड केयर सेंटरों में 664 मरीज भर्ती हैं। यह संख्या स्वस्थ हुए मरीजों से एक तिहाई से भी कम है। कोरोना पॉजिटिव 23 मरीज राज्य से बाहर जा चुके हैं, जबकि 39 की अब तक मौत हो चुकी है। इनमें कोरोना संक्रमित 65 वर्षीय एक बुजुर्ग की कोरोनेशन अस्पताल में मौत हुई है।

**होम क्वारंटाइन किए गए युवक की मौतः** नेहरू कॉलोनी थाना क्षेत्र की रिस्पना कॉलोनी में होम क्वारंटाइन किए गए एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। युवक कुछ दिन पहले ही हरदोई से आया था। कोरोना जांच के लिए उसका सैंपल लिया गया है।

### क्वारंटाइन नियमों का उल्लंघन करने वालों पर हो कार्रवाई

उत्तराखंड में पिछले दो–तीन दिन से कम संख्या में कोरोना के मामले सामने आ रहे हैं। वहीं संक्रमित मरीजों के ठीक होने की रफ्तार भी लगातार बढ़ रही है। जितने मरीज अस्पतालों में भर्ती हैं, उसके तीन गुणा ठीक हो चुके हैं। प्रवासियों की आमद बढ़ने के साथ जो संक्रमण दर एकाएक बढ़ी थी उसमें भी गिरावट दिखने लगी है। मौत का बढ़ता आंकड़ा जरूर चिंता का सबब बन रहा है। बता दें, उत्तराखंड में कोरोना का पहला मामला पंद्रह मार्च को सामने आया था।



### तेल में मूल्य वृद्धि का विरोध वाहनों की शव यात्रा निकाली

**संवाददाता** देहरादून। युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने बढ़ी हुई पेट्रोल और डीजल की कीमत के विरोध में मोटरसाइकिल एवं वाहनों की शव यात्रा निकाली। आज युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता एस्ले हॉल स्थित एक पैट्रोल पम्प पर इकटठा हुए और वहां से उन्होंने मोटर साईकिल व अन्य वाहनों की शवयात्रा निकाली। इस अवसर पर युवा कांग्रेस देहरादून द्वारा कहा गया कि जिस प्रकार से अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में कमी आने के बावजूद भी देश की मोदी सरकार द्वारा पेट्रोल और डीजल के दामों में बेतहाशा वृद्धि कर दी गई जिसके कारण गरीब जनता किसान एवं मध्यवर्गीय परिवार के लोगों को बहुत ही कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। केंद्र की भाजपा सरकार तेल में हुई वृद्धि से अर्जित धन को लोकतांत्रिक सरकार गिराने विधायक तोड़ने आदि में इस्तेमाल करने की मंशा रखती है।




**स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक**
**प्रदीप चौधरी**
द्वारा
एल.के प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
**संपादकः प्रदीप चौधरी**

**सिटी कार्यालयः**
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।
**फैक्स नं०–**
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।